Speed Post

भारत सरकार

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

GOVERNMENT OF INDIA

NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES

File No. Tour/Visit/CP/12/2017/RU-III

6th floor, B Wing Loknayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi-110003

Dated: 26.08.2017

To,

1. The Secretary,
Tribal Welfare & Scheduled Caste
Development Department
Govt. of Chhattisgarh,
Mahanadi Bhawan,
New Raipur, Raipur

2. The Collector,
District- Raipur,
Raipur (CG)

3. The Superintendent of Police,
District- Raipur,
Raipur (CG)

Sub: Tour Report of Shri Nand Kumar Sai, Hon'ble Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes (NCST) to visit Raipur, Chhattisgarh, Chairperson on 13.05.2017.

Sir/Madam,

I am directed to enclose herewith a copy of tour report of Shri Nand Kumar Sai, Hon'ble Chairperson, NCST to visit Raipur, Chhattisgarh on 13.05.2017 for information and necessary action.

Yours faithfully,

5869-71
29/8/17

(S.P. Meena)
Assistant Director

Copy to:

NIC, NCST uploaded on the web site.

भारत सरकार
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली

श्री नन्द कुमार साय, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की दिनांक 13 मई 2017 को रायपुर छत्तीसगढ़ प्रवास की रिपोर्ट

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी–कर्मचारी संघ का द्वितीय प्रांतीय सम्मेलन दिनांक 13.05.2017 को निरंजन धर्मशाला, रायपुर में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में माननीय अध्यक्ष महोदय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।

दिनांक 13.05.2017 को दिल्ली से वायुमार्ग से प्रस्थान कर रायपुर पहुंचने पर छ.ग. राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी–कर्मचारी संघ के प्रमुख प्रांतीय पदाधिकारियों श्री सहदेव ठाकुर, एच.के. मेश्राम, सुश्री आलिया तथा अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद अंतराष्ट्रीय विमानतल माना, रायपुर में अगुवानी की।

रायपुर के निरंजन धर्मशाला में आयोजित छग राज्य विद्युत मंडल अधिकारी/कर्मचारी संघ का द्वितीय प्रांतीय सम्मेलन स्थल में पहुंचने पर छग राज्य विद्युत मंडल अधिकारी/कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों डब्लू.आर. वानखेड़े, एस.के. बंजारा संरक्षकगण, एस.के. ठाकुर, प्रातांध्यक्ष, एच.के. मेश्राम, कार्यकारी प्रातांध्यक्ष, अलबर्ट कुजूर प्रांतीय कोषाध्यक्ष, टी.के. मेश्राम व एस.आर. बांधे उपाध्यक्षगण ने पुष्प गुच्छ भेंटकर माननीय अध्यक्ष का स्वागत किया।

प्रांतीय सम्मेलन के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने छग राज्य विद्युत मंडल अधिकारी/कर्मचारी संघ के कियाकलाप के साथ ही वार्षिक गतिविधियों से मंच पर उपस्थित

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India

अतिथियों एवं पांडाल में उपस्थित श्रोताओं को अवगत कराया। इसके साथ ही संघ के पदाधिकारियों ने माननीय अध्यक्ष महोदय को विद्युत मंडल में आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया।

इस सम्मेलन में शामिल प्रमुख वक्ताओं के उपरांत मुख्य अतिथि के तौर पर माननीय अध्यक्ष ने सम्मेलन को संबोधित किया। संबोधन के प्रारंभ में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा संविधान के अनुच्छेद 338 ए के तहत आयोग के गठन, शक्ति, कार्यों तथा संविधान द्वारा अनुसूचित जनजाति को प्रदत्त सेवा संरक्षणों पर प्रकाश डाला तथा कर्मचारियों को अपने संबोधन में कहा कि आप कर्मचारी होने के साथ ही समाज के आवश्यक अंग हो। जिस प्रकार आज विद्युत के बिना जीवन कठिन हो जाता है, उसी प्रकार कर्मचारी वर्ग द्वारा अपने उत्तरदायित्वों को पूर्ण नहीं करने पर देश की प्रगति अवरूद्ध हो जाती है। अतः अपने उत्तरदायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें।

आप वे चुनिंदा नागरिक हैं, जो राज्य के विकास में समान रूप से सहायता करते हैं। आपजनों ने जिन समस्याओं से मुझे अवगत कराया है, उसके निवारण के लिए आयोग हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर रहेगा।

नन्द कुमार साय

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi